एक नजर में

भारत में लॉन्च हुई ऑल-न्यू मिनी कंट्रीमेन सी

इंदौर. ऑल-न्यू मिनी कंट्रीमेन सी को आज भारत में लॉन्च कर दिया गया है. लेटेस्ट जनरेशन की यह कंट्रीमैन अब मेड इन इंडिया होगी और इसे बीएमडब्ल्यू ग्रुप प्लांट चेन्नई में स्थानीय स्तर पर केवल पेट्रोल वेरिएंट में तैयार किया जाएगा. इस कार की बुकिंग सभी मिनी इंडिया ऑथराइज्ड डीलरशिप पर शुरू हो चुकी है और इसकी डिलीवरी भी तुरंत प्रभाव से शुरू कर दी जाएगी. बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया के अध्यक्ष और सीईओ हरदीप सिंह बरार ने कहा ऑल-न्यू मिनी कंट्रीमेन सी निश्चित रूप से एक नए प्रकार का बड़ा रूप है. यह मिनी के पुराने लुक को खूबसूरती से एक शानदार एसयूवी में बदलता है, जो अपने दमदार लुक और पारिवारिक सफर के लिए तैयार किए गए अत्यधिक व्यावहारिक केबिन के साथ आती है और यह सब हमारी आइकॉनिक गो-कार्ट अहसास को पूरी तरह बरकरार रखते हुए किया गया है.

ईस्ट पॉइंट इंजीनियरिंग के छात्रों का अभिनव समाधान

इंदौर. आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) को स्वास्थ्य और वेलनेस के साथ जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, बेंगलुरु स्थित ईस्ट पॉइंट कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (ईपीसीईटी) के कंप्यूटर साइंस एवं इंजीनियरिंग विभाग के छात्रों ने एआई-पावर्ड न्यूट्रिशन सिस्टम फॉर एन्हांस्ड डाइटरी मॉनिटरिंग एंड हेल्थ प्रमोशन नामक एक अभिनव समाधान विकसित किया है. इस प्रणाली का उद्देश्य लोगों को अधिक स्वस्थ और जानकारीपूर्ण आहार संबंधी निर्णय लेने में सहायता प्रदान करना है. यह परियोजना छात्रों अंशुमान कुमार, आशीरबाद साई, इंदरबीर सिंह और वैष्णवी वी द्वारा कंप्यूटर साइंस एवं इंजीनियरिंग विभाग की प्रमुख डॉ. मणिमोझी अय्यर के मार्गदर्शन में विकसित की गई है. डॉ. मणिमोझी अय्यर ने कहा यह परियोजना दर्शाती है कि एआई और कंप्यूटर विज़न जैसी तकनीकों का उपयोग स्वास्थ्य और वेलनेस संबंधी चुनौतियों के समाधान के लिए किस प्रकार किया जा सकता है.

पीबी पार्टनर्स के पीओएसपी एडवाईजर बढ़ा रहे जागरूकता

इंदौर. देश के कई हिस्सों में भीषण गर्मी पड़ रही है। लू भारतीय परिवारों के लिए गंभीर खतरा बन गई है. लंबे समय तक तेज गर्मी में रहने से डिहाईड्रेशन, गर्मी की वजह से कमजोरी, हीटस्ट्रोक और अन्य समस्याएं हो सकती हैं, जिनकी वजह से हैल्थकेयर का खर्च अचानक बढ़ सकता है. इसके कारण घरेलू खर्च बढ़ जाते हैं और परिवारों पर अतिरिक्त वित्तीय बोझ पड़ जाता है। इसलिए इस स्थिति के लिए पहले से तैयार रहना जरूरी होता है. टियर 2, टियर 3 शहरों और भारत के अन्य छोटे शहरों में पीबीपार्टनर्स का पीओएसपी (पॉईंट ऑफ सेल पर्सन) एडवाईजर्स का नेटवर्क हैल्थ इंश्योरेंस और फाईनेंशियल तैयारी के बारे में जागरुकता बढ़ा रहा है. ये एजेंट पार्टनर अपने समुदायों में भरोसेमंद एडवाईजर होते हैं, जो परिवारों को हैल्थ कवरेज का महत्व समझने में मदद करते हैं.

फोर्स मोटर्स ने रोल-आउट किया मर्सिडीज-बेंज का 2 लाख वां इंजन

इंदौर. फोर्स मोटर्स लिमिटेड ने आज पुणे के चाकण स्थित अपने अत्याधुनिक इंजन निर्माण संयंत्र से मर्सिडीज-बेंज के 2,00,000वें (2 लाखवें) इंजन के रोल-आउट की घोषणा की है, जो मर्सिडीज-बेंज के साथ इसकी विनिर्माण साझेदारी में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है. इंजन निर्माण में दोनों कंपनियों का साथ वर्ष 1997 से है, जो अब एक व्यापक साझेदारी में बदल चुका है. फोर्स मोटर्स के प्रबंध निदेशक प्रसन फिरोदिया और मर्सिडीज-बेंज के वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में इस उपलब्धि का जश्न मनाया गया. समारोह में मर्सिडीज-बेंज ग्रुप एजी के बोर्ड सदस्य डॉ. योर्ग बुर्जर (चीफ टेक्नोलॉजी ऑफिसर, डेवलपमेंट एंड प्रोक्योरमेंट), मैथियास गाइसेन (सेल्स एंड कंस्टमर एक्सपीरियंस) और माइकल शीबे (प्रोडक्शन, क्वॉलिटी एंड सप्लाई चेन मैनेजमेंट) सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे.

प्रेस्टीज यूनिवर्सिटी ने आईऐसीटी कॉलेज से पार्टनरशिप की

इंदौर. प्रेस्टीज यूनिवर्सिटी इंदौर ने आई ऐ सी टी कॉलेज, मलेशिया के साथ एक कोलैबोरेशन की घोषणा की है, जिससे अंडरग्रेजुएट स्टूडेंट्स को डिजिटल कंटेंट क्रिएशन, स्टोरीटेलिंग, मीडिया प्रैक्टिस और कंटेंपररी कम्युनिकेशन टेक्नोलॉजी में एक हफ़्ते के इंटरनेशनल इमर्शन में हिस्सा लेने के मौके मिलेंगे. साझेदारी के बारे में प्रेस्टीज यूनिवर्सिटी इंदौर के कुलपति प्रोफेसर केयूर पुरानी ने कहा युवा पीढ़ी कंटेंट बनाने को दो तरह से देख रही है; कम्युनिकेशन और प्रोफेशनल सफलता के लिए एक ज़रूरी स्किल के तौर पर, और कई लोगों के लिए, अपने आप में एक सही करियर का रास्ता. यूनिवर्सिटीज़ को कंटेंट को सिर्फ़ मार्केटिंग एक्टिविटी मानने से आगे बढ़कर, स्टूडेंट्स को यह समझने में मदद करनी चाहिए कि डिजिटल दुनिया में आइडिया कैसे बनाए जाते हैं, बताए जाते हैं और बढ़ाए जाते हैं.

एमेजॉन ने 'एमेजॉन नाउ' के विस्तार को किया तेज

इंदौर. आज एमेज़ॉन ने 100 से अधिक स्पेशियलाईज्ड अर्बन फुलफिलमेंट सेंटर्स लॉन्च करने की घोषणा की. यह एक महत्वपूर्ण विस्तार है, जिसके अंतर्गत एमेज़ॉन नाउ पर मौजूदा हजारों जरूरी वस्तुओं के मुकाबले चार गुना ज्यादा सलेक्शन उपलब्ध हो सकेगा. ये सेंटर प्राईम डे 2026 से पहले ग्राहकों को वस्त्र, इलेक्ट्रॉनिक्स, ज्वेलरी, शू, लगेज़, वॉच, वायरलेस म्यूज़िकल इंस्ट्रूमेंट, फर्नीचर आदि की पेशकश करेंगे. अभिनव सिंह, वाईस प्रेसिडेंट - ऑपरेशंस, एमेज़ॉन इंडिया, एशिया पैसिफिक, मिडिल ईस्ट, अफ्रीका और तुर्किए ने कहा ग्राहक एमेज़ॉन .इन पर उपलब्ध सलेक्शन तेजी और सुविधा के साथ पाना चाहते हैं. हम जैसे-जैसे एमेज़ॉन नाउ का विस्तार कर रहे हैं, वैसे-वैसे ग्राहकों को विभिन्न श्रेणियों में ज्यादा बड़ा संग्रह, बेहतर मूल्य और तेज डिलीवरी स्पीड प्रदान करने पर अपना ध्यान भी केंद्रित कर रहे हैं. इसके लिए हमने टेक्नोलॉजी, इन्फ्रास्ट्रक्चर और लोगों में पिछले 13 सालों से दीर्घकालिक निवेश किया है.

आरएसपीएल ग्रुप ने लॉन्च किया घड़ी रैपिड वॉश

इंदौर. घड़ी डिटर्जेंट के निर्माता आरएसपीएल ग्रुप ने घड़ी रैपिड वॉश लॉन्च किया है, जो रोज़मर्रा की बाल्टी में कपड़े धोने की जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया एक लिक्विड डिटर्जेंट है. यह उत्पाद पारंपरिक डिटर्जेंट पाउडर और टिकिया की विश्वसनीय सफाई क्षमता को लिक्विड डिटर्जेंट की सुविधा और आधुनिकता के साथ जोड़ता है. आरएसपीएल ग्रुप के संयुक्त प्रबंध निदेशक राहुल ज्ञानचंदानी ने कहा भारतीय उपभोक्ता हमेशा बेहतर विकल्प अपनाने की इच्छा रखते हैं, लेकिन बाजार ने उन्हें ऐसा लिक्विड डिटर्जेंट नहीं दिया जो उनके कपड़े धोने के वास्तविक तरीके के अनुकूल हो. घड़ी रैपिड वॉश उसी कमी का हमारा समाधान है. यह उत्पाद घड़ी ब्रांड से जुड़ी पीढ़ियों पुरानी विश्वसनीय सफाई क्षमता को आधुनिक लिक्विड डिटर्जेंट की सुविधा और नवाचार के साथ जोड़ता है.

एक्सिस बैंक, बिट्स पिलानी स्थापित करेंगे इनोवेशन पार्क

इंदौर. एक्सिस बैंक ने 'इंस्टीट्यूशन ऑफ एमिनेंस' बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस पिलानी (बिट्स पिलानी) के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं. इसके तहत बिट्स पिलानी के हैदराबाद परिसर में एक्सिस बैंकङ्कबिट्स इंडस्ट्री रिसर्च, टेक्नोलॉजी एवं इनोवेशन पार्क की स्थापना की जाएगी. 100 करोड़ रुपये के कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व ग्रांट के साथ यह साझेदारी भारत के डीप-टेक और ट्रांसलेशनल रिसर्च इकोसिस्टम को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है. एक्सिस बैंक के मैनेजिंग डायरेक्टर और चीफ़ एग्जीक्यूटिव ऑफ़िसर अमिताभ चौधरी ने कहा दोनों संस्थानों का साझा लक्ष्य ऐसे जिम्मेदार नेतृत्वकर्ताओं का निर्माण करना है, ऐसे ज़िम्मेदार लीडर तैयार करना जो ज्ञान और अटूट संकल्प से लैस हों और बदलाव लाने की क्षमता रखते हों.

टर्टलमिंट फिनटेक का सार्वजनिक निर्गम 19 जून को खुलेगा

इंदौर. टर्टलमिंट फिनटेक सॉल्यूशंस लिमिटेड ने घोषणा की है कि उसके इक्विटी शेयरों के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए बोली/ऑफर 19 जून को खुलेगा. इस ऑफर का प्राइस बैंड 144 से 152 रुपए प्रति इक्विटी शेयर निर्धारित किया गया है. निवेशक न्यूनतम 98 इक्विटी शेयरों तथा उसके बाद 98-98 शेयरों के गुणकों में बोली लगा सकते हैं. एंकर निवेशकों के लिए बोली प्रक्रिया 18 जून 2026, गुरुवार को आयोजित होगी। यह बोली/ऑफर 19 जून 2026, शुक्रवार को खुलेगा और 23 जून 2026, मंगलवार को बंद होगा. कंपनी के इक्विटी शेयरों को बीएसई लिमिटेड और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनएसई) पर सूचीबद्ध करने का प्रस्ताव है. इस ऑफर के लिए एनएसई को नामित स्टॉक एक्सचेंज बनाया गया है. आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज लिमिटेड, जेफरीज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, जेएम फाइनेंशियल लिमिटेड तथा मोतीलाल ओसवाल इन्वेस्टमेंट एडवाइजर्स लिमिटेड इस निर्गम के बुक रनिंग लीड मैनेजर (बीआरएलएम) हैं.

ठुकरा के मेरा प्यार सीजन 2 का ट्रेलर रिलीज

इंदौर. इंतज़ार की घड़ियाँ अब और भी रोमांचक हो चुकी हैं. ठुकरा के मेरा प्यार सीज़न 2 का ट्रेलर आ चुका है, जो दर्शकों को सीधे एक ऐसी दुनिया में ले जाता है, जहाँ मोहब्बत मासूम नहीं रह जाती, बल्कि ताकत की कीमत व्यक्तिगत रूप से चुकानी पड़ती है. धवल ठाकुर एक ऐसे इंसान कुलदीप कुमार का किरदार निभाते हुए वापसी कर रहे हैं जो अपराधबोध और जुनून के बीच जूझ रहा है. एक ऐसा इंसान जिसने कभी कोई एक ऐसी गलती की थी, जिससे सब कुछ तहस-नहस हो गया और अब एक बार फिर वह खुद को राजनीति, सत्ता और अधूरी भावनाओं के खतरनाक जाल में खिंचता हुआ पाता है. संचिता बसु, शानविका चौहान के रूप में और भी ज्यादा धाकड़, दमदार और शक्तिशाली बनकर उभरती हैं. यह ट्रेलर इस सीज़न की एक ऐसी झलक दिखाता है, जो हाई-स्टेक्स पॉलिटिकल ड्रामे, सुलगते हुए बदले, इमोशनल टकराहट और टकरावों से भरा हुआ है. ठुकरा के मेरा प्यार- सीज़न 2 स्ट्रीम होगा 19 जून, से जियोहॉटस्टार पर.

महावीर नगर में आक्रोश, व्यवस्था पर उठ रहे सवाल

▶ गंदे पानी से बीमार हुए थे लोग शिकायत के बाद बंद हुआ बोरिंग

नवभारत न्यूज़

इंदौर. महावीर नगर में बोरिंग के पानी में गंदगी मिलने और लोगों के बीमार पड़ने की शिकायतों ने नगर निगम की जलापूर्ति व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं. स्थिति इतनी गंभीर हो गई कि निगम को एहतियातन बोरिंग बंद करनी पड़ी और रहवासियों को टैंकरों के भरोसे छोड़ना पड़ा. क्षेत्र के लोगों का आरोप है कि समस्याओं की शिकायत के बावजूद समय रहते ध्यान नहीं दिया गया.

रहवासियों के अनुसार पिछले कुछ दिनों से बोरिंग के पानी में गंदगी आ रही थी. दूषित पानी पीने से कई लोगों की तबीयत खराब हुई. जिसके कारण महावीर नगर के लोगों में काफी आक्रोश देखा गया आक्रोशित हुए लोगों ने निगम पर और व्यवस्थाओं पर सवाल किए. एक महिला ने बताया कि उनके छोटे बेटे की तबीयत बिगड़ गई थी, जिसके बाद डॉक्टर को दिखाना पड़ा. डॉक्टर ने दूषित खान-पान और पानी से जुड़ी समस्या बताते हुए उपचार किया.

केवल एक दिन पानी वितरित किया

स्थानीय निवासी ममता पवार ने बताया कि शिकायत के बाद केवल एक दिन टैंकर से पानी वितरित किया गया, जो पूरी कॉलोनी के लिए पर्याप्त नहीं था. उनका कहना है कि शिकायत मिलने पर जनप्रतिनिधि और अधिकारी मौके पर पहुंचे जरूर, लेकिन बाद में समस्या की सुध लेने कोई नहीं आया.

बोरिंग का मीटिर निकाला

रहवासी कमला ने बताया कि बोरिंग का मीटर भी निकाल लिया गया है, जिससे पानी की परेशानी और बढ़ गई है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में लंबे समय से नर्मदा पाइपलाइन की मांग की जा रही है, लेकिन अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं किया गया.

टैंकरों से पानी पहुंचा रहे

हालांकि वार्ड पार्षद सोनाली धारकर ने कहा कि शिकायत मिलते ही बोरिंग बंद कर दी गई थी और प्रभावित क्षेत्र में टैंकरों से पानी पहुंचाया जा रहा है. वहीं निगम अधिकारियों का दावा है कि सुधार कार्य जारी है और जल्द समस्या का समाधान कर लिया जाएगा.

कई बार शिकायत की

वहीं उषा तिवारी का आरोप है कि कॉलोनी की समस्याओं को लेकर कई बार शिकायत की गई, लेकिन जिम्मेदारों ने गंभीरता नहीं दिखाई. उन्होंने कहा कि क्षेत्र में नियमित सफाई व्यवस्था भी प्रभावित है और लोगों को मूलभूत सुविधाओं के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है.

समय रहते मरम्मत क्यों नहीं कराई

महावीर नगर के रहवासियों का सवाल है कि यदि बोरिंग के आसपास की संरचना इतनी जर्जर थी कि उसमें ड्रेनेज जल का रिसाव होने लगा, तो इसकी समय रहते निगरानी और मरम्मत क्यों नहीं कराई गई। लोगों का कहना है कि नियमित निरीक्षण होता तो स्थिति यहां तक नहीं पहुंचती।

क्षतिग्रस्त संरचना सुधारी, नए बोरिंग की प्रक्रिया शुरू

अपर आयुक्त आशीष पाठक ने बताया कि लगभग 20 वर्ष पुराने बोरिंग के आसपास लगी ईंटों के क्षतिग्रस्त होने के कारण रिसाव की स्थिति बनी थी, जिसे सुधार दिया गया है और नए बोरिंग की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है.

चैंबर लाइन और बोरिंग क्षेत्र में चल रहा मरम्मत कार्य

नगर निगम के जोनल अधिकारी इंदर अग्रवाल के अनुसार चैंबर लाइनों में प्लास्टर कार्य कराया जा रहा है तथा बोरिंग के आसपास मरम्मत का काम चल रहा है.

मेट्रो दूसरे चरण का एसीएस द्वारा रिव्यू

नव भारत न्यूज

इंदौर. बुधवार को नगरीय विकास एवं आवास विभाग के अपर मुख्य सचिव ने इंदौर मेट्रो परियोजना का निरीक्षण किया. इस दौरान उन्होंने मेट्रो स्टेशन पर संचालन और अन्य तकनीकी पहलुओं की जानकारी ली.

नगरीय विकास एवं आवास विभाग के अपर मुख्य सचिव संजय दुबे आज इंदौर आए. इस दौरान उन्होंने मेट्रो दूसरे चरण की शुरुआत को लेकर तकनीकी और संचालन ऑपरेशन का निरीक्षण किया. निरीक्षण में निर्माण प्रगति, सुरक्षा मानकों एवं टीबीएम लॉन्चिंग की तैयारियों की समीक्षा की गई. बताया जा रहा है कि मध्यप्रदेश मेट्रो रेल कॉरपोरेशन की तैयारियों को प्रबंध संचालक एस. कृष्ण चैतन्य कहा कि सौ प्रतिशत तैयारी है, बस लोकार्पण का समय और तारीख तय होना बाकी है. इस दौरान जनरल मैनेजर आर एस राजपूत और मेट्रो के अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद थे.

अहंकार और अभिमान है अनेक बुराइयों की जड़ : आदित्य मुनि

इंदौर. हीनता और श्रेष्ठता, दोनों ही आत्मिक प्रगति में बाधक हैं. जीवन में आगे बढ़ने के लिए समता का भाव होना चाहिए क्योंकि समता ही आत्मा का स्वाभाव है और समभाव ही सच्चे सुख का आधार है. अहंकार और अभिमान अनेक बुराइयों की जड़ है.

ये विचार हैं आचार्य रामेश के सुशिष्य आदित्य मुनि महाराज के, जो उन्होंने साकेत नगर, बैकुंठ धाम में साधुमार्गी जैन समता संघ के तत्वावधान में आयोजित धर्मसभा में व्यक्त किए. आचार्य भगवन रामलाल के शिष्य आदित्य मुनि एवं अटलमुनि अदिठाना द्वारा बैकुंठ धाम कॉलोनी में बड़े गार्डन के सामने नियमित रूप से प्रवचनों की अमृत वर्षा की जा रही है. गुरुवार को भी सुबह 9 से 10 बजे तक मुनिश्री के प्रवचनों की अमृतवर्षा बैकुंठ धाम पर होगी. मनीष बोहरा ने बताया कि आदित्य मुनि के मंगल प्रवेश के पश्चात प्रतिदिन उनके मुख से प्रवाहित हो रही धर्म वाणी का पुण्य लाभ उठाने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन जीवन को श्रेष्ठ दिशा प्रदान कर रहे हैं.

आज शहर के पश्चिम क्षेत्र में नहीं होगी जल सप्लाई

नवभारत न्यूज

इंदौर. शहर के पश्चिम क्षेत्र में आज जलप्रदाय नहीं होगा. इसका कारण यह है कि नर्मदा पहले और दूसरे चरण की पाइप लाइन लीकेज हो गई. लीकेज सुधार कार्य करने के कारण जलप्रदाय नहीं होगा.

नर्मदा प्रथम एवं द्वितीय चरण की 1400 एम.एम. व्यास की जीआरपी पाइपलाइन आज सुबह लीकेज हो गई. इस कारण दोनों चरणों के सभी पंपों को तत्काल बंद करना पड़ा. तत्काल पाइपलाइन सुधार कार्य किया गया तथा आवश्यक मरम्मत पूर्ण होने के उपरांत नर्मदा प्रथम एवं द्वितीय चरण के पंपों को दोपहर 2.25 बजे पुन: प्रारंभ कर दिया. पाइपलाइन लीकेज के कारण कल बिलावली टंकी एवं अन्नपूर्णा टंकी क्षेत्र में जलप्रदाय प्रभावित रहा. वहीं पंप बंद रहने के कारण आज सुबह भी जलप्रदाय टंकियों में पूर्ण क्षमता से जल भंडारण नहीं हो सकेगा. आयुक्त क्षितिज सिंघल ने आज बिजलपुर स्थित नर्मदा कंट्रोल रूम में नर्मदा पाइपलाइन लीकेज सुधार कार्यों एवं जल आपूर्ति की समीक्षा की. आयुक्त ने अधिकारियों को प्रभावित क्षेत्रों में पानी की वैकल्पिक व्यवस्था करने के निर्देश दिए. इस दौरान अपर आयुक्त आशीष पाठक सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे.

प्रभावित होने वाली टंकियां

अन्नपूर्णा, स्कीम क्रमांक-103, छत्रीबाग, राज मोहल्ला, द्रविड़ नगर, लोकमान्य नगर, महाराणा क्षेत्र, नरवल, अगरबत्ती क्षेत्र, कुशवाह मोहल्ला, टिगरिया, बाणगंगा, सुभाष चौक, सदर बाजार, जिंसी हाट, मल्हार आश्रम, गांधी हॉल क्षेत्र, भक्त प्रहलाद नगर.

अंतरराष्ट्रीय कनेक्टिविटी पर मंडरा रहा संकट

▶ शुक्रवार से शारजाह फ्लाइट बंद, अब 17 जुलाई से इंदौर व अबुधाबी सीधी उड़ानें होंगी शुरू

▶ सप्ताह में चार दिन सेवा, किराया 16 से 17 हजार

नव भारत न्यूज

इंदौर. इंदौर से यूएई जाने वाले यात्रियों को बड़ी राहत मिली है. एयर इंडिया एक्सप्रेस ने इंदौर अबुधाबी के बीच नई सीधी फ्लाइट शुरू करने का ऐलान किया है. इस सेवा की बुकिंग शुरू हो चुकी है और पहली उड़ान 17 जुलाई से संचालित होगी. इससे ठीक पहले कंपनी ने इंदौर शारजाह फ्लाइट को अपने सिस्टम से हटाते हुए उसकी बुकिंग बंद कर दी है, जिससे शुक्रवार से यह सेवा प्रभावी रूप से बंद मानी जा रही है.

दरअसल, अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव और युद्ध जैसी परिस्थितियों के कारण एयर इंडिया एक्सप्रेस ने 28 फरवरी से इंदौर शारजाह उड़ान रोक दी थी. इसके बाद कई बार सेवा बहाल करने की घोषणाएं हुईं, लेकिन हर बार तारीख आगे बढ़ती रही. अंतिम बार 1 जुलाई से उड़ान शुरू करने की बात कही गई थी, मगर सोमवार को इसे सिस्टम से ही हटा दिया. शारजाह फ्लाइट के हटने से इंदौर से संचालित प्रदेश की एकमात्र अंतरराष्ट्रीय सेवा बंद होने का खतरा पैदा हो गया था. इसी बीच अबुधाबी के लिए नई सीधी उड़ान की घोषणा ने इस संकट को टाल दिया है. ट्रेवल एजेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के प्रदेश अध्यक्ष अमोल कटारिया के मुताबिक, शारजाह सेवा बंद होने से यात्रियों और एजेंट्स में निराशा थी, लेकिन अब नई फ्लाइट से बड़ी राहत मिलेगी. नई फ्लाइट सप्ताह में चार दिन रविवार, सोमवार, बुधवार और शुक्रवार को चलेगी. कंपनी ने शुरुआती एकतरफा किराया 16 से 17 हजार रुपए के बीच रखा है.

इससे इंदौर से यूएई आने जाने वाले यात्रियों का समय और खर्च दोनों बचेंगे. खासतौर पर व्यापारिक और पारिवारिक यात्रियों के लिए यह सेवा अहम मानी जा रही है. फ्लाइट आईएक्स-247 इंदौर से शाम 7.50 बजे रवाना होकर यूएई के स्थानीय समयानुसार रात 9.35 बजे अबुधाबी पहुँचेगी. यात्रा का समय करीब सवा तीन घंटे रहेगा. वापसी में यही फ्लाइट अबुधाबी से रात 10.35 बजे (स्थानीय समय) उड़ान भरकर भारतीय समयानुसार रात 3.20 बजे इंदौर पहुंचेगी. इस दौरान भी उड़ान अवधि लगभग सवा तीन घंटे की रहेगी. मामले में एयरपोर्ट अथॉरिटी का कहना है कि इंदौर से अबुधाबी के लिए सीधी उड़ान शुरू होने से अंतरराष्ट्रीय कनेक्टिविटी मजबूत होगी. इससे यात्रियों को बेहतर सुविधा मिलेगी और यूएई के लिए यात्रा आसान होगी.

इंदौर-उज्जैन ग्रीनफील्ड कॉरिडोर का भूमिपूजन 20 जून को

▶ मुख्यमंत्री एवं केंद्रीय मंत्री करेंगे भूमिपूजन

नव भारत न्यूज

इंदौर. इंदौर उज्जैन ग्रीन फील्ड कॉरिडोर का भूमिपूजन 20 को होगा. भूमिपूजन केंद्रीय शहरी विकास मंत्री और मुख्यमंत्री सांवेर तहसील के चद्रवतीगंज गांव में करेगें. उक्त कार्यक्रम को लेकर आज प्रदेश केबिनेट मंत्री और कलेक्टर ने तैयारियों का निरीक्षण किया.

इंदौर जिले के चन्द्रावतीगंज में आगामी 20 जून को इंदौर-उज्जैन ग्रीनफील्ड कॉरिडोर के भूमिपूजन कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा. भूमिपूजन में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर भाग होंगे. भूमिपूजन कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर आज जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट एवं कलेक्टर शिवम वर्मा ने चन्द्रावतीगंज में सागर गार्डन निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान मंच व्यवस्था, पार्किंग, यातायात प्रबंधन, पेयजल, विद्युत आपूर्ति, सुरक्षा, बैठक व्यवस्था तथा अन्य आवश्यक सुविधाओं के लिए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए.

तालाब गहरीकरण कार्य का महापौर ने किया निरीक्षण

▶ तालाब किनारे होगा पौधारोपण

नव भारत न्यूज

इंदौर. शहर में जल संरक्षण और भूजल संवर्धन को लेकर निगम निरंतर प्रयास कर रहा है. इस क्रम में आज महापौर ने शहर में लिंबोदी तालाब गहरीकरण एवं सौंदर्यीकरण का कार्य निरीक्षण किया. साथ ही विकास कार्य होने के बाद पौधारोपण किया जाएगा.

महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने आज लिंबोदी तालाब में अमृत योजना के तहत लगभग 5.50 करोड़ रुपए से गहरीकरण, वॉल पिचिंग और सौंदर्यीकरण कार्य का निरीक्षण किया. उन्होंने बताया कि लिंबोदी तालाब भरने के बाद इसका अतिरिक्त जल बिलावली तालाब तक भी पहुंचेगा और भूजल स्तर सुधारने में सहायता मिलेगी. महापौर ने कहा कि तालाब किनारे भविष्य में व्यापक स्तर पर पौधारोपण भी किया जाएगा. उन्होंने बताया कि जनभागीदारी से शहर के तालाबों और जल स्त्रोतों के पुनर्जीवन का अभियान लगातार जारी है. इस दौरान जलकार्य प्रभारी अभिषेक शर्मा (बबलू), अपर आयुक्त आशीष पाठक सहित निगम के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे.

प्राचीन मदन मोहनलाल मंदिर पर 56 भोग और महाप्रसाद से किया श्रृंगार

इंदौर. गोराकुंड, एमजी रोड स्थित प्राचीन मदन मोहनलाल मंदिर परिसर पर ज्येष्ठ माह के उपलक्ष्य में भगवान को 56 भोग एवं महाप्रसाद समर्पित कर समूचे अंचल में सुखद वर्षा की प्रार्थना की गई. मंदिर के प्रमुख अनुराग शर्मा एवं आलोक शर्मा के मार्गदर्शन में समूचे मंदिर परिसर को शुद्ध घी के व्यंजनों से श्रृंगारित किया गया. मंदिर से जुड़े राजेश जोशी ने बताया कि श्रृंगार दर्शन के लिए मंदिर पर बुधवार को बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा. भक्तों में प्रसाद का वितरण भी किया गया.

एक नजर में ▶ तीन दिन लगातार चला द्वार चौड़ीकरण का कार्य

खजराना गणेश मंदिर गर्भगृह का मुख्य द्वार हुआ चौड़ा

नव भारत न्यूज

इंदौर. शहर के प्रसिद्ध खजराना गणेश मंदिर गर्भगृह का मुख्य द्वार चौड़ा हो गया है. करीब 20 फीट चौड़ा होने के बाद गणेश जी के दर्शन बहुत आसानी और दूर से भी किए जा सकते हैं.

प्रसिद्ध खजराना गणेश मंदिर के गर्भ गृह के मुख्य द्वार चौड़ीकरण कार्य लगातार तीन दिन यानि 72 घंटे तक किया गया. आखिरकार मंगलवार रात मंदिर का मुख्य द्वार चौड़ा करने में सफलता मिल गई. मंदिर के पुजारी पंडित विनीत भट्ट ने बताया कि मुख्य द्वार के चौड़ा होने से अब भक्तों को आसानी से गणेश जी के दर्शन हो रहे हैं. इससे गणेश मूर्ति का दर्शन 20 फीट बढ़ गया है और अब सामने से दर्शन के लिए भक्तों में धक्का मुक्की नहीं हो रही है. मन्दिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष कलेक्टर शिवम वर्मा एवं प्रशासक निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल द्वारा समिति की बैठक में निर्णय अनुसार प्रथम चरण के विकास कार्यो किए जा रहे है. मुख्य द्वार चौड़ा होने के बाद अब गर्भगृह के सामने बने सभामंडप को भी नीचे करने का काम शुरू किया जाएगा. सिंहस्थ में बड़ी संख्या में भक्तों के दर्शन करने आने की संभावना है.